राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
शुद्धि पत्र संख्या – 14/2018–19

क्रमांक : एफ.7 (29) भर्ती/समूह अनुदेशक/EP-I/2017–18/161 **दिनांक : 21.06.2018**

शासन के कार्मिक (क–2) विभाग के पत्र दिनांक 14.5.2018 के अनुसार आयोग द्वारा टीएसपी क्षेत्र व नॉन टीएसपी क्षेत्र के लिए जारी अलग–अलग विज्ञापनों में एक ही परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसलिए आयोग द्वारा टीएसपी क्षेत्र के लिए जारी विज्ञापनों (वि.सं. 05/2017–18 दिनांक 28.3.2018, वि.सं. 09/2017–18 दिनांक 29.03.2018, वि.सं. 12/2017–18 दिनांक 29.03.2018, वि.सं. 04/2018–19 दिनांक 03.04.2018, वि.सं. 09/2018–19 दिनांक 09.04.2018 एवं वि.सं. 12/2018–19 दिनांक 04.05.2018) के तहत् **जिन अभ्यर्थियों ने टीएसपी क्षेत्र के लिए आवेदन किया है, वे अभ्यर्थी टीएसपी क्षेत्र व नॉन टीएसपी क्षेत्र के संबंध में अपनी वरीयता क्रम (Preference) का इन्द्राज Edit Application के माध्यम से ऑनलाईन फॉर्म में आवश्यक रूप से कर लेवें।** उक्त सुविधा दिनांक 22.6.2018 से 06.07.2018 रात्रि 12.00 बजे तक टीएसपी क्षेत्र हेतु जारी उक्त विज्ञापनों के लिए **निःशुल्क** रहेगी।

साथ ही कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 23.02.2016 के अनुसार आयोग द्वारा टीएसपी क्षेत्र के पदों हेतु जारी विज्ञापनों में उल्लेखित आयु सीमा व आयु सीमा में छूट संबंधी प्रावधानों को विलोपित समझा जावें तथा उनके स्थान पर संबंधित पदों हेतु नॉन टीएसपी क्षेत्र के पदों के लिए जारी विज्ञापनों में उल्लेखित आयु सीमा संबंधी प्रावधान लागू होंगे।

(पी.सी. बेरवाल)
सचिव